दिन– शुक्रवार | दिनांक– 12/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. सी. पी. राधाकृष्णन ने भारत के पन्द्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने दी शुभकामनाएं।

02. नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन को लेकर प्रक्रिया हुई तेज। किसी भी समय हो सकती है अंतरिम सरकार के अध्यक्ष की घोषणा।

03. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव में सूचना तकनीक के बेहतर इस्तेमाल पर बल दिया। फेक न्यूज के प्रति किया सचेत।

04. और, मौसम विभाग ने कल किशनगंज, अररिया पूर्णिया, सुपौल, जमुई और नवादा जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

श्री सी. पी. राधाकृष्णन देश के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद की शपथ दिलाई।

–––शपथ–––

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे पी नड्डा, पीयूष गोयल और नितिन गडकरी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण के बाद उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने सदैव अटल में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी श्रद्धांजलि दी। श्री सी पी राधाकृ ष्णन ने इस महीने की नौ तरीख को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की थी। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

4 मई 1957 को तमिलनाडु के तिरुपुर में जन्मे श्री राधा कृष्ण ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक की डिग्री हासिल की है। आरएसएस स्वयंसेवक के रूप में शुरुआत करते हुए। वो 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारी समिति के सदस्य बने। श्री राधा कृष्ण 1998 और 1999 में कोयंबटूर से दो बार लोकसभा के लिए चुने गए। संसद में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने वस्त्र के लिए संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 2004 से 2007 के बीच श्री राधा कृष्ण ने तमिलनाडु में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में काम किया। 2016 से 2020 तक उन्होंने कोच्चि के क्वायर बोर्ड अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। फरवरी 2023 में श्री राधा कृष्ण को झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया। उन्होंने तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के रूप में भी कार्य किया है। भारत के उपराष्ट्रपति चुने जाने से पहले, श्री राधा कृष्ण महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में कार्यरत थे। अनुपम मिश्र में आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने सी पी राधाकृष्णन को शुभकामनाएं दी हैं।

---

नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन को लेकर प्रक्रिया तेज हो गयी है। हमारी संवाददाता ने बताया कि किसी भी समय अंतरिम सरकार के अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है।

———रिपोर्ट———

---

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनावी प्रक्रियाओं के संबंध में आम लोगों तक सूचनात्मक और तथ्यात्मक खबर पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री कुमार सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालयों के मीडिया और संचार अधिकारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सूचना तकनीक के बेहतर इस्तेमाल की जरूरत है। श्री कुमार ने मीडिया और संचार अधिकारियों से आम लोगों को फेक न्यूज के प्रति सचेत करने के लिए हर संभव कदम उठाने को कहा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर—जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री का यह सपना तीन सितंबर को साकार हुआ जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों का जीवन सरल बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरें कम करने को मंजूरी दे दी। आज हम कर मुक्त वस्तुओं पर नजर डालते हैं। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

जीएसटी सुधारो के अंतर्गत सरकार ने कई आवश्यक वस्तुओं को कर मुक्त कर आम आदमी पर पड़ने वाले जीएसटी के बोझ को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नए कर ढांचे के तहत रोजमर्रा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुएं जैसे अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, बिना ब्रांड वाले चावल, गेहूं और दलों को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा सभी प्रकार के ब्रेड को भी निल जीएसटी स्लैब में रखा गया है जिससे वह लोगों के लिए और भी अधिक किफायती हो गई हैं। लोगों पर कर के बोझ को कम करने और प्रीमियम को अधिक किफायती बनाने के लिए नए ढांचे के तहत जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को भी टैक्स से मुक्त किया गया है। यह निर्णय लोगों को स्वास्थ्य बीमा को व्यापक रूप से अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। देश भर के लोगों द्वारा भी सरकार के इस निर्णय का स्वागत

किया जा रहा है। मीडिया से बातचीत में एक आम नागरिक निमिष जैन ने कहा कि सरकार ने त्योहारों के सीजन से पहले टैक्स घटकर लोगों को एक बड़ा तोहफा दिया है। नई जीएसटी दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगी। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार विधान सभा चुनाव में नीतीश कुमार ही एनडीए के मुख्यमंत्री पद का चेहरा होंगे। श्री चौधरी ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर एनडीए और भाजपा को पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि विधान सभा चुनाव में एनडीए जनता के बीच विकास के मुद्दों को लेकर जाएगी।

---बाइट---

---

एनडीए के घटक दलों ने बिहार कांग्रेस द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गए उस एआई जेनरेटेड वीडियो की कड़ी आलोचना की है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां जैसी दिखने वाले दो किरदारों को दिखाया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि कांग्रेस ने आपत्तिजनक वीडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री और उनकी मां को एक बार फिर अपमानित किया है।

---बाइट---

इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने कहा कि यह वीडियो कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों की हताशा को दर्शाता है।

---बाइट---

---

भागलपुर में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से युवा शंखनाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राजद और कांग्रेस अपनी संभावित हार को देखते हुए बौखला गयी है और अनर्गल बयानबाजी कर रही है।

---बाइट---

---

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने आज बेगूसराय में एक निजी कंपनी के कपड़ा फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि इस फैक्ट्री की स्थापना से एक हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

———बाइट———

---

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज जिले के तैयबपुर में सबसे अधिक अड़सठ दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने कल किशनगंज और अररिया जिले में अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, पूर्णिया, सुपौल, जमुई और नवादा जिलों के एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

———बाइट———

---

सुपौल से पुणे के बीच सीधी रेल सेवा शुरू हो गयी है। स्थानीय सांसद दिलेश्वर कामैत ने आज सुपौल—पुणे एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह गाड़ी नियमित रूप से सुपौल से रवाना होकर दानापुर होते हुए पुणे तक जाएगी। श्री कामैत ने कहा कि बहुत जल्द सुपौल को एक अमृत भारत ट्रेन मिलने वाली है।

---

मधुबनी जिले में एसएसबी और पुलिस की टीम ने मधवापुर पंचायत के रामपुर बृत गांव से एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है। वह नेपाल के जलेश्वर जेल से फरार हो गया था। मधुबनी से कल भी दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था।

---

?और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. सी. पी. राधाकृष्णन ने भारत के पन्द्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने दी शुभकामनाएं।

02. नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन को लेकर प्रक्रिया हुई तेज। किसी भी समय हो सकती है अंतरिम सरकार के अध्यक्ष की घोषणा।

03. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव में सूचना तकनीक के बेहतर इस्तेमाल पर बल दिया। फेक न्यूज के प्रति किया सचेत।

04. और, मौसम विभाग ने कल किशनगंज, अररिया पूर्णिया, सुपौल, जमुई और नवादा जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।